आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 14.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- सावन मास के पहले सोमवार पर शिवमय हुआ उत्तराखंड; बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा–अर्चना की।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से पौड़ी गढ़वाल के किसानों को मिल रहा संबल, खेती में दिखा सुधार, 65 हजार से अधिक किसान हो रहे हैं लाभान्वित।
- केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने पिथौरागढ़ में आपदा राहत कार्यों की समीक्षा की।
- चम्पावत जिले के लोहाघाट में 50 दिवसीय लौह शिल्प कार्यशाला शुरू; 30 से अधिक महिला–पुरुष शिल्पी ले रहे हैं हिस्सा।

**सावन–पहला सोमवार**

सावन मास के पहले सोमवार को राज्य में शिवभक्ति की विशेष छटा देखने को मिली। तड़के से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव के दर्शन किए और जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। एक रिपोर्ट–

**राज्य के प्रमुख शिवधामों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। हरिद्वार में गंगाजल से जलाभिषेक करने वालों की भारी भीड़ रही। कांवड़िये, हर की पैड़ी से जल भरकर बम बोले के जयकारों के साथ अपने गंतव्यों को रवाना हुए। देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर, और कोटद्वार के सिद्धबली मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया। पिथौरागढ़ स्थित कपिलेश्वर और थल के महादेव मंदिरों में भी भक्तों की लंबी कतारें रहीं।**

**रुद्रप्रयाग में रुद्रनाथ मंदिर, अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम, बागेश्वर के बैजनाथ मंदिर, चंपावत के मनोकामना पूर्ण शिवालय और पौड़ी के कांडे मल्लेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने विशेष पूजा–अर्चना की।**

**श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा मंदिरों के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल टीमों की तैनाती और जलसेवा के प्रबंध किए गए थे। सावन के पहले सोमवार के इस पावन दिन पर पूरा उत्तराखंड शिवभक्ति में लीन नजर आया।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह**

------------------------------------------------------------

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पौड़ी गढ़वाल में किसानों को खेती के प्रति आकर्षित करने में कारगर साबित हो रही है। योजना के तहत जिले के 65 हजार किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है, जिससे वे उन्नत बीज और तकनीकी जानकारी प्राप्त कर खेती में सुधार कर रहे हैं। खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह राशि कृषि निवेश और घरेलू खर्च में उपयोगी साबित हो रही है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. वी.के. यादव ने बताया कि जिले के किसानों को डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में सम्मान निधि की राशि भेजी जाती है। हर चार महीने में लगभग 13 करोड़ रुपये किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जाते हैं।

गौरीकोट गांव के किसान अनिल रावत बताते हैं कि उन्हें योजना के तहत मिलने वाली धनराशि से हाईब्रिड बीज खरीदने में मदद मिलती है, जिससे उनकी फसल अच्छी होती है और मुनाफा भी बढ़ता है।

------------------------------------------------------------

**एक्सियोम–4 मिशनए**

एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शाम साढे चार बजे से शुरू हुई। विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि मिशन के सदस्य कल दोपहर बाद लगभग 3 बजे धरती पर पहुंच जाएंगे। एक रिपोर्ट–

शुभांशु शुक्ला को लेकर एक्सिओम–4 मिशन 26 जून को आईएसएस के लिए रवाना हुआ था।

------------------------------------------------------------

**समीक्षा**

कैबिनेट मंत्री और उधमसिंह नगर जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने आज अधिकारियों संग बैठक कर रुद्रपुर में प्रस्तावित एक लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग सेरेमनी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस आयोजन को भव्य बनाने के लिये सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए। इस आयोजन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान साढ़े तीन लाख करोड़ के एम०ओ०यू हुए थे, जिसमें से एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग पूरी हो चुकी है।

------------------------------------------------------------

**केंद्रीय मंत्री बैठक**

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा अपने एक दिवसीय दौरे पर पिथौरागढ़ पहुंचे। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों के साथ आपदा राहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने जिले में बारिश के कारण बंद हुई सड़कों और अन्य आपदा घटनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मानसून सीजन में सतर्क रहते हुए तेजी से राहत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां मानसून से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री टम्टा ने दूरभाष के माध्यम से जिले के सभी आपदा केंद्रों से बातचीत की और कार्यों की स्थिति पर संतोष जताया।

-------------------------------------------------------------

## लौह शिल्प प्रशिक्षण

भारतीय हस्तशिल्प एवं वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से चम्पावत जिले के लोहाघाट स्थित ग्रोथ सेंटर में 50 दिवसीय लौह शिल्प डिजाइन और विकास प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में जिले के 30 से अधिक महिला–पुरुष शिल्पी भाग ले रहे हैं, जिन्हें लौह शिल्प से जुड़ी आधुनिक सजावटी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में स्वरोजगार से जुड़ सकें।

हस्तशिल्प मंत्रालय के इम्प्लांट डिजाइनर सौरव मिश्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डिजाइन और बाजार की जरूरतों के अनुसार स्थानीय उत्पादों को नया स्वरूप देने की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे अपने उत्पादों को देश–विदेश के बाजारों तक पहुंचा सकें।

कार्यक्रम के ट्रेनर अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में फ्लावर पॉट, पेन स्टैंड, टेबल स्टैंड, झालर और डोर पॉट जैसी आधुनिक वस्तुओं का निर्माण सिखाया जा रहा है। इससे प्रतिभागी नई तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें।

-------------------------------------------------------------

## कारवां टॉकीज

भारतीय सेना ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सेना में करियर के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'कारवां टॉकीज' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत एक विशेष मोबाइल वैन के माध्यम से युवाओं को सेना में भर्ती प्रक्रिया, योग्यता और करियर की संभावनाओं की जानकारी दी जा रही है। मोबाइल वैन में एलईडी स्क्रीन, माइक, प्रेरणादायक पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं। सेना के अधिकारी छात्रों और इच्छुक युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं ताकि उन्हें सेना में अवसरों की सही जानकारी मिल सके।

युवाओं की भागीदारी और उत्साह बढ़ाने के लिए इस अभियान में प्रश्नोत्तरी, इंटरैक्टिव गतिविधियां और देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां भी शामिल की गई हैं। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सफल आयोजन के बाद यह अभियान अब कल हरिद्वार पहुंचेगा, जो जिले के कई विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चलाया जाएगा।

-------------------------------------------------------------